जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक प–1(1)नासेके/जविप्रा/2019/डी–100 दिनांक : 19-2-2019.

कार्यालय आदेश

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर में जन समस्याओं के त्वरित एवं उनके समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से एक आधुनिक कम्प्यूटीकृत नागरिक सेवा केन्द्र की स्थापना की हुयी है। नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से (1) सहकारी समिति की योजनाओं में नाम प्रतिस्थापन/हस्तान्तरण (2) जविप्रा सहकारी समिति एवं निजी खातेदारी की योजनाओं में लीजडीड शुदा भूखण्डों के प्रकरणों में नाम हस्तानान्तरण एवं (3) इन योजनाओं में लीजमुक्ति प्रमाण–पत्र हेतु आम नागरिको से आवेदन पत्र अब तक ऑफलाईन (OFFLINE) स्वीकार किये जाते रहे है। आम नागरिको को नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से उक्त प्रकरणों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु ऑफलाईन (OFFLINE) आवेदन बन्द करते हुये उक्त सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से ऑनलाईन (ONLINE) कर दिया गया है।

नागरिक सेवा केन्द्र की दैनिक रिपोर्ट दिनांक 18.02.2019 का आवलोकन एवं परीक्षण करने पर पाया गया कि वर्तमान में पृथ्वीराज नगर (पीआरएन) स्थित समस्त जोन्स में नागरिक सेवा केन्द्र की समस्त सेवाओं के आवेदन पत्र ऑफलाईन (OFFLINE) भी स्वीकार किये जा रहे है। ऑनलाईन (ONLINE) आवेदन प्राप्त करने की सुविधा नागरिक सेवा केन्द्र में तो उपलब्ध है लेकिन पृथ्वीराज नगर (पीआरएन) स्थित जोन कार्यालयों में ऑनलाईन (ONLINE) आवेदन प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः इस सम्बन्ध में निर्देश दिये जाते है कि प्राधिकरण मुख्यालय स्थित नागरिक सेवा केन्द्र के तर्ज पर नाम नाम हस्तांतरण/प्रतिस्थापन, भूखण्ड का उप विभाजन पुनर्गठन, भूखण्ड का पटटा विलेख इत्याद सेवायें पृथ्वीराज नगर स्थित जोन कार्यालयों में दोनों जगह तत्काल प्रभाव से संयुक्त आयुक्त, सिस्टम (मैनेजमेंट) एवं प्रभारी नागरिक सेवा केन्द्र के निर्देशन में सुनिश्चित किया जावे। तकनीकी सेवायें मय उपकरण सिस्टम एनालिस्ट द्वारा सुनिश्चित की जावेगी। उपायुक्त (प्रशासन) द्वारा सिस्टम एनालिस्ट से चर्चा कर वांछित स्टाफ पदस्थापित किया जावे। उपायुक्त स्टोर द्वारा आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध करवाकर पृथ्वीराज नगर जोन्स में (सीसीसी) की उपयुक्त व्यवस्था स्थापित होने के बाद (सीसीसी) पर उपलब्ध सेवाओं के संबंध में सभी प्रकार के आवेदन पत्र (सीसीसी) के माध्यम से ही स्वीकार किये जावे।

(ओ.पी.बुनकर)
सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. निजी सचिव आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।

प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा जयपुर।
2. उपायुक्त, प्रशासन, जोन–पीआरएन(उत्तर–प्रथम,द्वितीय)/पीआरएन(दक्षिण–प्रथम,द्वितीय)/स्टोर जविप्रा, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी नागरिक सेवा केन्द्र जविप्रा, जयपुर।
4. रक्षा पत्रावली।

(गिरि राज अग्रवाल)
संयुक्त आयुक्त
(सिस्टम मैनेजमेन्ट)

Rd. new update:office order